हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 23 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 34.2°c
न्यूनतम 26.8°c

**शहर में आज**
- सुपवा में 81 साहित्यकारों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 3 बजे करेंगे सम्मानित
- सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक दोपहर 2 बजे
- वैश्य कॉलेज में खंड क्रिकेट स्पर्धा सुबह 10 बजे
- लाहली स्टेडियम में क्रिकेट स्पर्धा सुबह 10 बजे




## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री में काम पर गई महिला लापता, पति की शिकायत पर केस दर्ज

**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने फैक्ट्री में काम पर गई एक महिला के लापता होने के मामले में गुमशुदगी का केस दर्ज किया है। पुलिस महिला की तलाश में जुट गई है। पुलिस के अनुसार अहमदपुर माजरा, जिला सोनीपत निवासी तथा वर्तमान में हरि सिंह कॉलोनी गली नंबर-4, रोहतक निवासी मामन पुत्र राय सिंह ने शिकायत दी कि उसकी 35 वर्षीय पत्नी सोनिया 18 जुलाई को सुनारिया रोड स्थित एक लोअर बनाने की फैक्ट्री में काम पर गई थी, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। शिकायतकर्ता ने बताया कि परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और परिचितों के यहां महिला की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों और संभावित स्थानों पर जांच कर रही है।

### अवैध पिस्तौल और दो कारतूसों के साथ युवक गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस की अपराध शाखा महम ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। मुख्य सिपाही कृष्ण के नेतृत्व में अपराध शाखा महम की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान शेरे-ए-पंजाब ढाबा, महम बाइपास के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में उसकी पहचान मनीष उर्फ कैरा पुत्र रामजीलाल निवासी गांव कैमरी, जिला हिसार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना महम में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।



### सिटी की हार्ट लाइन आंबेडकर चौक पर भाजपाई और कांग्रेसी आमने-सामने, एक-दूसरे पर किए प्रहार

# राजनीति ने जाम किया शहर

## भाजपा-कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन ने निकाल दिया लोगों का पसीना

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

शहर में बुधवार को राजनीति सड़क पर उतर आई। शहर के सबसे व्यस्त आंबेडकर चौक ने उस समय सियासी अखाड़े का रूप ले लिया, जब पहले कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और कुछ ही देर बाद भाजपा ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर जवाबी प्रदर्शन शुरू कर दिया। कुछ समय के लिए दोनों दलों के कार्यकर्ता कांग्रेस भवन के बाहर आमने-सामने आ गए। एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि पहले से तैनात पुलिस बल ने दोनों पक्षों के बीच सुरक्षा घेरा बनाकर स्थिति को नियंत्रित रखा और किसी अप्रिय घटना को होने से रोक दिया।



### स्कूली वाहन भी घंटों फंसे रहे

दोनों दलों के प्रदर्शनों के कारण आंबेडकर चौक और आसपास के क्षेत्रों में कई घंटे तक यातायात बाधित रहा। स्कूल बसों, ऑटो और निजी वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्कूली बच्चों, अभिभावकों और कार्यालय आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान एक ऑटो में सवार महिला और उसकी बेटी ने भी सरकार के खिलाफ नारे लगाए, जिसकी चर्चा मौके पर मौजूद लोगों के बीच होती रही।

### सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

शहर में एक ही दिन लगभग एक ही समय दोनों दलों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने कांग्रेस भवन, अंबेडकर चौक और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। जैसे ही दोनों पक्ष आमने-सामने आए, पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया और बैरिकेडिंग कर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग रखा। अधिकारियों की सतर्कता के चलते दिनभर चले सियासी घमासान के बावजूद कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

## जब नीट पेपर लीक हुआ तो विदेश में छुट्टी मना रहे थे राहुल, अब हल्ला क्यों: अर्चना

**रोहतक।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को हजारों कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाल कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता सुभाष चौक से आंबेडकर चौक होते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और पूरे रास्ते कांग्रेस व राहुल के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। कांग्रेस कार्यालय के बाहर डॉ. अर्चना गुप्ता ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब नीट परीक्षा का मामला सामने आया था, तब वह 24 दिनों तक विदेश में छुट्टी मना रहे थे, अब हल्ला क्यों कर रहे हैं? यदि कांग्रेस को छात्रों और युवाओं की इतनी चिंता थी तो उन्हें देश में रहकर इस मुद्दे पर गंभीरता से काम करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पेपर लीक के मुद्दे पर भाजपा को घेरने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस शासनकाल में भी कई पेपर लीक हुए, लेकिन उन मामलों में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। भाजपा सरकार ने पेपर लीक के मामले सामने आते ही तत्काल कार्रवाई की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में परीक्षा प्रक्रिया को दोबारा पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया गया।



प्रदर्शन करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता व अन्य कार्यकर्ता।

### कांग्रेस झूठी और अवसरवादी: मनीष ग्रोवर

पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस जनता के मुद्दों पर काम करने के बजाय झूठ और भ्रम फैलाकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है। राहुल गांधी के बयान देश में अविश्वास का माहौल बनाने वाले हैं, लेकिन जनता कांग्रेस की इस राजनीति को नकार चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी कांग्रेस को जनसमर्थन नहीं मिलता, वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न लगाने लगती है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और वैश्विक सम्मान के नए आयाम स्थापित किए हैं, जबकि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से प्रगति कर रहा है। भाजपा कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस के दुष्प्रचार का जवाब देते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

**ये रहे मौजूद:** पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, रोहतक के जिला प्रभारी एडवोकेट विजयपाल, रोहतक के जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, जिला परिषद की चेयरमैन मंजू हुड्डा, जिला महामंत्री नितिन जैन, जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल आदि मौजूद रहे।

## जनता से जुड़े मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए राजनीतिक ड्रामा कर रही भाजपा: बीबी बतरा

**रोहतक।** युवाओं के मुद्दों और जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर बुधवार को रोहतक की सियासत पूरे दिन गरमाई रही। कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्रा ने भाजपा पर जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का आरोप लगाया। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस भवन से प्रदर्शन शुरू किया। कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके बाद कार्यकर्ता वापस कांग्रेस भवन लौट आए। कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्रा ने आरोप लगाया कि भाजपा जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए राजनीतिक ड्रामा कर रही है, लेकिन अब लोग सब समझ चुके हैं। उन्होंने कहा कि रोहतक में भाजपा के प्रदर्शन के दौरान ऑटो में सवार बेटियों द्वारा विरोध जताना इस बात का संकेत है कि हरियाणा की जनता अब डरने और दबने वाली नहीं है। बत्रा ने कहा कि प्रदर्शन कर रहे युवा देश का भविष्य हैं और उनकी आवाज को लाठियों के बल पर नहीं दबाया जा सकता।



लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करते कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता।

### मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई हो

विधायक ने कहा कि सरकार को युवाओं की समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन पर बल प्रयोग करना चाहिए। आज का युवा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखना जानता है। बत्रा ने जंतर-मंतर पर हुई पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस युवाओं, छात्रों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई हर स्तर पर लड़ती रहेगी। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राकेश गर्ग ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनके खिलाफ बल प्रयोग कर रही है, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग भी दोहराई।

**ये रहे मौजूद:** इनमें कपिल खन्ना, सुनील बल्ली, सकैश गर्ग, राज बहादुर, बलजीत राणा, महाबीर मलिक, सुनील काला, मनीष, सत्यवान चहल, कदम सिंह अहलावत, अनुराग परवाना, विकास गोयल, कविता शर्मा, सरोज मलिक, निर्मल बल्हारा, मामराज स्वामी, राजीव अत्री, मोनू शर्मा, गीता भारती, विकास परमार सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

**हेल्थ अलर्ट** अर्थराइटिस के 250 से 300 मरीज रोज इलाज के लिए पहुंच रहे पीजीआई

# जोड़ों के दर्द से कराह रहा रोहतक, सोशल मीडिया की ऑनलाइन दवाएं बढ़ा रही मर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जोड़ों का दर्द अब बढ़ती उम्र की पहचान नहीं रह गया है। बदलती जीवनशैली, बढ़ता वजन और शारीरिक निष्क्रियता के कारण 30 साल से कम उम्र के युवा भी तेजी से अर्थराइटिस की चपेट में आ रहे हैं। यही वजह है कि पीजीआई की ओपीडी में रोज 250 से 300 मरीज जोड़ों के दर्द की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। इनमें हरियाणा ही नहीं, पंजाब, राजस्थान, यूपी और दिल्ली के मरीज भी शामिल हैं। मरीज बताते हैं कि उन्हें महीनों से सुबह उंगलियों या घुटनों में दर्द व अकड़न रहती थी। नजरअंदाज किया। जब दर्द बढ़ा और चलना-फिरना मुश्किल हो गया, तब अस्पताल पहुंचे।

### लगातार बढ़ रहे मामले

पीजीआईएमएस के मेडिसिन विभाग की प्रो. डॉ. अनुभा गर्ग के अनुसार पहले अर्थराइटिस 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अधिक देखा जाता था, लेकिन अब युवाओं में भी इसके मामले लगातार बढ़ रहे हैं। महिलाओं में यह बीमारी पुरुषों की तुलना में अधिक पाई जा रही है। मौसम में बदलाव, बढ़ता वजन, गलत खानपान, पोषण की कमी और लंबे समय तक एक ही स्थिति में बैठे या खड़े रहने की आदत इसके प्रमुख कारण हैं। सुबह उठते ही हाथों या पैरों में जकड़न, जोड़ों में सूजन, सीढ़ियां चढ़ने या बैठने-उठने में दर्द तथा चलने-फिरने में असहजता इसके शुरुआती संकेत हैं। अधिकांश लोग इन्हें सामान्य कमजोरी या थकान समझकर अनदेखा कर देते हैं, जिससे बीमारी धीरे-धीरे गंभीर रूप ले लेती है और सर्जरी तक की नौबत आ जाती है।

### ये हैं अर्थराइटिस के प्रकार

विशेषज्ञों के अनुसार अर्थराइटिस कई प्रकार का होता है। इनमें ऑस्टियोआर्थराइटिस सबसे सामान्य है, जिसमें जोड़ों के बीच मौजूद कार्टिलेज घिसने लगता है और हड्डियां आपस में रगड़ खाने लगती हैं। इससे दर्द, सूजन और जकड़न बढ़ती है। वहीं रूमेटॉइड अर्थराइटिस शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली से जुड़ी बीमारी है, जिसमें शरीर अपनी ही कोशिकाओं पर हमला करने लगता है।

### 'गारंटीड इलाज' से रहें सावधान

डॉ. अनुभा गर्ग ने बताया कि सोशल मीडिया पर अर्थराइटिस के चमत्कारी और 'गारंटीड इलाज' के दावे करने वाली दवाओं का प्रचार तेजी से बढ़ रहा है। कई मरीज बिना डॉक्टर की सलाह ऐसी दवाएं खा लेते हैं और बाद में उनकी स्थिति और बिगड़ जाती है। ये दवाएं हर मरीज के लिए उपयुक्त नहीं होतीं और कई मामलों में लीवर व किडनी पर भी गंभीर दुष्प्रभाव डाल सकती हैं। इसलिए किसी भी दवा का सेवन केवल विशेषज्ञ की सलाह पर ही करना चाहिए।

### बचाव ही सबसे बड़ा इलाज

- रोजाना हल्का व्यायाम, योग व स्ट्रेचिंग करें।
- कैल्शियम और विटामिन-डी युक्त भोजन लें।
- वजन नियंत्रित रखें।
- लंबे समय तक लगातार बैठे या खड़े न रहें।
- बीच-बीच में शरीर की हल्की मूवमेंट जरूर करते रहें।

### लक्षण नजरअंदाज न करें



अर्थराइटिस के लक्षण नजरअंदाज न करें। बिना डॉक्टर की सलाह कोई दवा न लें। समय पर जांच, सही उपचार और संतुलित जीवनशैली से इस बीमारी को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। **-प्रो. डॉ. अनुभा गर्ग,** मेडिसिन विभाग, पीजीआईएमएस, रोहतक

## दूधिए ने पिस्तौल के बल पर किया रेप वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

लाखन माजरा थाना क्षेत्र के एक गांव में दूध विक्रेता ने पिस्तौल के बल पर एक महिला से दुष्कर्म कर उसका वीडियो बना लिया। आरोप है कि वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ने उससे कई बार दुष्कर्म किया। उन्होंने गांव से शहर में घर शिफ्ट कर लिया तो वह वहां भी आने लगा और उसके साथ जबरदस्ती की। जब उसने संबंध बनाने से इंकार किया तो आरोपी ने डंडा मारकर उसका सिर फोड़ दिया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। लाखन माजरा थाने में दी शिकायत में महिला ने बताया कि उसकी उम्र 37 साल है। उसका एक 15 साल का बेटा है। चिड़ी निवासी आरोपी व उसके पति की दोस्ती थी।

### मना करने पर दी बेटे को मारने की धमकी

आरोपी दूध बेचने का काम करता है। वे उससे दूध लेते थे। इसी वजह से उसका उनके घर पर रोज आना-जाना था। एक दिन व्यक्ति ने कहा कि वह उसको बहुत पसंद करता है। वह उसके लिए अपनी जान भी दे सकता है। मेरे साथ एक बार संबंध बना लो। पीड़ित महिला का कहना है कि उसने उसको धमकाया और उसके खिलाफ पुलिस रिपोर्ट करने की धमकी दी। इस बारे में महिला ने व्यक्ति की पत्नी को भी बताया। एक दिन वह उनके घर पर आया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। जब उसने विरोध किया तो उसने उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान उसने पिस्तौल दिखाकर उसके साथ जबरदस्ती संबंध बनाए। 2 मई को वह रात को उसके घर आया, जब उसका पति बाहर गया हुआ था। उस दिन भी उसने संबंध बनाने के लिए डराया धमकाया। उस दिन उसके पेट में दर्द था। लेकिन उसने कोई रहम नहीं किया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और वीडियो बना ली।

### पुलिस से की सख्त कार्रवाई करने की मांग

वह वीडियो क्लिप के जरिए ब्लैकमेल करता रहा और उससे संबंध बनाता रहा। वह शर्म के मारे गांव छाड़कर रोहतक शहर में रहने लगी। लेकिन वहां भी उसका पीछा नहीं छोड़ा। वहां भी उसके साथ कई बार रेप किया। एक दिन मौका पाकर उसने उसके फोन से वह वीडियो अपने फोन में डाल ली। 29 जून की रात को उसने बेटे के सामने ही कपड़े उतारने के लिए कहा। उसने संबंध बनाने से मना किया तो लकड़ी का बिट्टा उठाकर उसके सिर में मारा। उसके लड़के ने 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस बुला ली थी। डर के मारे वह व्यक्ति अपना फोन तोड़कर मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू हुई अग्निवीर भर्ती रैली, पहले दिन झज्जर के युवाओं ने दिखाया दम

# उम्मीदों की उड़ान

### दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद सहित विभिन्न परीक्षणों में फिटनेस व क्षमता का प्रदर्शन

सेना भर्ती अधिकारियों की निगरानी में पारदर्शी और मेरिट आधारित चयन प्रक्रिया, युवाओं को मिलेगा देश सेवा का मौका

**रोहतक।** भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली बुधवार से राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू हो गई। पहले दिन झज्जर जिले के कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) उत्तीर्ण अभ्यर्थी बड़ी संख्या में भर्ती स्थल पर पहुंचे। सेना की वर्दी पहनकर देश सेवा का सपना लिए युवाओं ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में पूरा दमखम दिखाया। अभ्यर्थियों ने दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद सहित अन्य निर्धारित प्रतियोगिताओं में अपनी फिटनेस और क्षमता का प्रदर्शन किया। भर्ती प्रक्रिया के दौरान दस्तावेजों की गहन जांच के बाद युवाओं को विभिन्न चरणों में शामिल किया गया। सेना भर्ती अधिकारियों की निगरानी में पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और मेरिट के आधार पर संपन्न कराई जा रही है। भर्ती स्थल पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं के भी व्यापक इंतजाम रहे। भर्ती रैली 27 जुलाई तक चलेगी। आगामी दिनों में रोहतक, सोनीपत, पानीपत सहित अन्य जिलों तथा हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के निर्धारित श्रेणी के अभ्यर्थी भी सेना में चयन के लिए अपना दमखम दिखाएंगे।



**यह रहेगा शेड्यूल**

- 23 जुलाई को झज्जर एवं पानीपत।
- 24 जुलाई को रोहतक जिला।
- 25 जुलाई को झज्जर, पानीपत, रोहतक एवं सोनीपत जिला।
- 26 जुलाई को हरियाणा एवं हिमाचल के सेंट्रल एवं जोनल श्रेणी के अभ्यर्थी।
- 27 जुलाई को आवश्यकता अनुसार आरक्षित/प्रशासनिक कार्यवाही।



# छात्रा रिम्पी को 2.95 लाख की रिसर्च ग्रांट

### एमडीयू में एम.फार्मा की छात्रा पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम के प्रबंधन पर करेंगी शोध कार्य



**रोहतक।** एमडीयू (महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय) की एम.फार्मा की छात्रा रिम्पी को पीसीओडी (पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम) के प्रबंधन पर शोध के लिए हरियाणा स्टेट रिसर्च फंड (एचएसआरएफ) के तहत 2.95 लाख रुपये का रिसर्च ग्रांट मंजूर हुआ है। रिम्पी फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग में अध्ययनरत हैं। उनके शोध प्रोजेक्ट की अवधि एक वर्ष होगी। रिम्पी के शोध का विषय पीसीओडी के प्रबंधन में शतावरी और कचनार के संयोजन का फाइटोफार्माकोलॉजिकल मूल्यांकन है। इस शोध के माध्यम से शतावरी और कचनार के औषधीय गुणों तथा पीसीओडी के प्रबंधन में इनके संभावित प्रभावों का अध्ययन किया जाएगा। एमडीयू के प्रोफेसर डॉ. गोविंद सिंह शोध प्रोजेक्ट के सुपरवाइजर हैं। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों और शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समाजोपयोगी शोध के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे शोध प्रोजेक्ट न केवल विद्यार्थियों की शोध क्षमता को बढ़ावा देते हैं।

## खबर संक्षेप

### मौसम में बदलाव से बढ़े मौसमी संक्रमणः डॉ एकल

**रोहतक।** मानसून के दौरान लगातार हो रही बारिश, उमस भरी गर्मी और बदलते मौसम के कारण रोहतक व आसपास के क्षेत्रों में वायरल बुखार, डेंगू, मलेरिया, फ्लू, खांसी-जुकाम और पेट संबंधी बीमारियों के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए कॉग्नोस अस्पताल, खेड़ी साध बाईपास, दिल्ली रोड, रोहतक के मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एकल अरोड़ा ने आमजन से स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि कॉग्नोस अस्पताल में मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए आधुनिक डायग्नोस्टिक लैब, अनुभवी मेडिसिन विशेषज्ञों की टीम, 24 घंटे इमरजेंसी सेवा और समुचित इलाज की व्यवस्था उपलब्ध है। डॉ. एकल अरोड़ा ने बताया कि बारिश के मौसम में जलभराव, मच्छरों का प्रकोप बढ़ने और दूषित पानी व उमस के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है। ऐसे में तेज बुखार, सिरदर्द, गले में खराश, उल्टी-दस्त, कमजोरी या सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण दिखाई देने पर खुद से दवा लेने के बजाय तुरंत डॉक्टरी सलाह लेनी चाहिए।

### इंद्रगढ़ गांव से विवाहिता लापता, मुकदमा दर्ज

**महम।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव इंद्रगढ़ से 42 वर्षीय एक विवाहिता लापता हो गई। इस संबंध में विवाहिता की बड़ी बहन ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस शिकायत में महिला ने बताया कि उसकी छोटी बहन 21 जुलाई को दोपहर 12 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई है, जो अब तक घर वापस नहीं लौटी है। पुलिस ने इस संबंध में महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बहलबा गांव में खेत से सोलर मोटर चोरी

**महम।** बहलबा गांव में एक खेत से सोलर मोटर चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में बहलबा गांव निवासी रामफल पुत्र भानीराम ने बताया कि उसने अपने खेत में सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम लगाया हुआ है। शाम को वह अपने बेटे रमेश के साथ खेत में गया था। उसन्होंने देखा वहां पर ऑसवाल कंपनी की सोलर मोटर नहीं है। किसी ने उनके खेत से सोलर मोटर चोरी कर ली। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# किसके बहकावे में क्लास छोड़ सड़क पर उतरे बच्चे

## अभी न इनका पेपर लीक व न ही रोजगार की उम्र, फिर क्यों प्रदर्शन कर रहे रिठाल स्कूल के दसवीं तक के छात्र

## जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज के विरोध में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज >> रोहतक



पढ़ाई छोड़कर जब स्कूली छात्र सड़क पर बैठ जाएं तो यह केवल विरोध नहीं, बल्कि व्यवस्था के प्रति बढ़ते असंतोष का संकेत माना जाता है। रोहतक जिले के गांव रिठाल में मंगलवार को कुछ ऐसा ही देखने को मिला, जहां सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षाओं का बहिष्कार कर स्कूल के बाहर सड़क पर धरना दिया। छात्रों ने पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी और दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं के साथ पुलिस कार्रवाई के विरोध में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों का कहना था कि वे शौक से नहीं, बल्कि अपने भविष्य की चिंता के कारण सड़क पर उतरने को मजबूर हुए हैं। स्कूल समय में ही छात्र वर्दी पहनकर स्कूल परिसर के बाहर सड़क पर बैठ गए। उनके हाथों में तख्तियां थीं और वे लगातार सरकार से रोजगार, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया तथा युवाओं की आवाज सुनने की मांग करते रहे। छात्रों का कहना था कि बार-बार पेपर लीक होने से मेहनत करने वाले युवाओं का मनोबल टूट रहा है और रोजगार के अवसर लगातार कम होते जा रहे हैं। ऐसे में सरकार को जवाबदेही तय करनी चाहिए। धरने की सूचना मिलते ही गांव के कई ग्रामीण भी छात्रों के समर्थन में मौके पर पहुंच गए। छात्रों ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना हर नागरिक का अधिकार है। उनका आरोप था कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर एकत्रित हुए युवाओं के साथ जिस प्रकार पुलिस ने कार्रवाई की, उससे पूरे देश के युवाओं में नाराजगी है। उनका कहना था कि सरकार को समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि आवाज उठाने वालों पर सख्ती करनी चाहिए। किसान मजदूर संगठन हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष एवं गांव रिठाल के पूर्व सरपंच उमेद सिंह ने कहा कि युवाओं की मुख्य मांग पेपर लीक पर रोक और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। उनका कहना था कि सरकार को युवाओं के सवालों का जवाब देना चाहिए।

■ गांव के कई लोग भी छात्रों के समर्थन में मौके पर पहुंचे

### भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में किसानों का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन



**रोहतक।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को किसानों ने भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते के विरोध में हुड्डा सिटी पार्क से भाजपा के राज्य कार्यालय तक प्रदर्शन किया। पुलिस ने कार्यालय के बाहर बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। इसके बाद किसानों ने तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा तथा सांकेतिक रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले फूंककर विरोध जताया। सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित व्यापार समझौते से भारतीय कृषि और किसानों के हित प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि विदेशी कृषि उत्पादों के आयात बढ़ने से देश के किसानों पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा। किसान नेताओं ने सरकार से ऐसे किसी भी समझौते को लागू न करने की मांग की।



### वादा खिलाफी पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन, पंचायत मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** मानसरोवर पार्क से डीसी कार्यालय तक बुधवार को ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन (सीटू) के बैनर तले कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान दलेर ने की। इसके बाद कर्मचारियों ने डीडीपीओ के माध्यम से पंचायत मंत्री के नाम मांगपत्र सौंपकर सरकार से लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू के जिला प्रधान प्रकाशचंद्र और यूनियन के जिला सह सचिव राकेश चांदी ने कहा कि 15 से 29 मई तक चली हड़ताल के बाद 29 मई को पानीपत में सरकार के साथ 18 में से 17 मांगों पर सहमति बनी थी। सरकार ने 30 जून तक सभी मांगों से संबंधित आदेश जारी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक केवल 2100 रुपये वेतन वृद्धि का पत्र जारी किया गया, जबकि इसे 1 जनवरी 2026 से लागू किया जाना था। उन्होंने आरोप लगाया कि शेष 16 मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है।

### जन सेवा संस्थान का निरीक्षण, बच्चों को विधिक अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**रोहतक।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय तेवतिया के मार्गदर्शन में प्राधिकारण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान ने जन सेवा संस्थान का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बच्चों के लिए संचालित आउटरीच एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. तरन्नुम खान ने संस्थान में रह रहे बच्चों से सीधा संवाद कर उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, नियमित मेडिकल चेकअप और आवश्यक दस्तावेजों की स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई और बाल श्रम समिति के अधिकारी भी मौजूद रहे। डॉ. तरन्नुम खान ने बाल अधिकारों, बाल संरक्षण कानूनों और विधिक सहायता तंत्र की जानकारी दी।






### ओम चैरिटेबल लैबोरेट्री के शुभारंभ पर बांटे पौधे, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**रोहतक।** शहर की पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं के आह्वान पर मॉडल टाउन स्थित ओम चैरिटेबल लैबोरेट्री के नवनिर्मित भवन के शुभारंभ अवसर पर पौधा वितरण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुशील गुप्ता मौजूद रहे। स्वामी गोविंद करतार और रिश्ता सेवा संघ के संस्थापक प्रधान रमेश गौड़ वत्स ने भी विशेष रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक पर्यावरण प्रेमी जे.पी. गौड़ तथा अध्यक्षता संस्थान के संस्थापक जय भगवान ने की। जय भगवान ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर अधिवक्ता प्रद्युम्न सिवाच, पदम सिंह दुल, जगदीश सांगवान, पी.के. सिवाच, हर्ष भारद्वाज, करतार सिंह कुंडू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जन-जन अभियान के तहत महम पहुंचे दिग्विजय, खेल सामग्री देने का ऐलान

**रोहतक।** जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने बुधवार को जन-जन अभियान के तहत जिले के महम हलके के विभिन्न गांवों का दौरा कर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल वेतन और भत्ते लेना नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं का समाधान करना है। खेड़ी गांव में हैंडबॉल मैदान का दौरा करते हुए खिलाड़ियों ने गोल पोस्ट, हैंडबॉल और हर्डल्स उपलब्ध कराने की मांग रखी। दिग्विजय चौटाला ने खिलाड़ियों को एक सप्ताह के भीतर आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में हरज्ञान मोखरा, डॉ. संदीप हुड्डा, राजेश राठी, प्रवेश कंसाला, कृष्ण घणघस, अमित सिंधू, अभिषेक देसवाल, विक्की सरपंच, बलराम किलोई आदि मौजूद रहे।



## न्यूज डायरी

### वन मजदूरों ने वन मंडल कार्यालय पर किया प्रदर्शन, डीएफओ को सौंपा 17 सूत्रीय मांगपत्र



**रोहतक।** वन विभाग मजदूर यूनियन हरियाणा (सीटू) के बैनर तले बुधवार को रोहतक वन मंडल अधिकारी कार्यालय पर वन मजदूरों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता रोहतक के प्रधान राजबीर ने की, जबकि संचालन यूनियन के राज्य प्रधान कामरेड विजय कौशिक ने किया। इस दौरान वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) को 17 सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर मजदूरों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग उठाई गई। सीटू के राज्य उपाध्यक्ष कामरेड सतवीर सिंह और जिला सचिव कामरेड विनोद ने आंदोलन का समर्थन करते हुए घोषणा की कि 2 अगस्त को वन मंत्री राव नरबीर सिंह के गुरुग्राम स्थित आवास पर प्रदर्शन किया जाएगा।



**चित्रकला व क्विज प्रतियोगिता :** रोहतक। राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिसार रोड पर स्थित वन विभाग द्वारा आयोजित स्वच्छ हरियाणा हरित हरियाणा मुहिम चलाई गई। इस दौरान स्कूल में चित्रकला व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के 130 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्या डॉ. सुनीता अहलावत, रेंज ऑफिसर सुभाष चंद्र कालरा व वक्ता जसबीर धनखड़ ने बताया कि पर्यावरण पृथ्वी के जैविक विकास और इसके संवर्धन के लिए सही दिशा का निर्माण करता है। प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर आए विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर वन विभाग से सुखविंदर, प्रवेश राणा,मन्जीत, जोगेन्दर हुड्डा व कई स्कूलों के अध्यापक मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें अधिकारी : एडीसी



**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने लघु सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना (एमएमएपीयूवाई2.0) मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गढ़ी-सांपला-किलोई विधानसभा क्षेत्र के पात्र परिवारों तक पहुंचकर शुक्रवार तक योजना के फॉर्म वितरित करना सुनिश्चित करें। बैठक में तहसीलदार यशपाल शर्मा, बीडीपीओ रोहताश, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा और एलडीएम अचल कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे। राज्य सरकार द्वारा क्षेत्र के लगभग 3,000 पात्र लाभार्थियों की सूची उपलब्ध करवाई गई है।

### एमडीयू परिसर में पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत किया पौधरोपण




**रोहतक।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, हरियाणा एवं चीफ वार्डन कार्यालय, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को एमडीयू परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में भूगोल विभागाध्यक्ष एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, हरियाणा के सह-शिक्षण संस्थान प्रमुख प्रो. प्रमोद कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर चीफ वार्डन प्रो. सुधीर कुमार, एडिशनल चीफ वार्डन प्रो. कमवीर श्योकंद, डॉ. प्रदीप तथा जिला संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि मंजीत नांदल आदि मौजूद रहे।

### वैज्ञानिक प्रतिवेदन लेखन और जीवन मूल्यों पर प्रो. अजीत कुमार का प्रेरणादायक व्याख्यान



**रोहतक।** पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित चार सप्ताहीय कौशल आधारित इंटर्नशिप वर्मीकल्चर एवं जैविक अपशिष्ट प्रबंधन के 18वें दिन वैज्ञानिक प्रतिवेदन लेखनः संरचना, शैली एवं शोध नैतिकता पर व्याख्यान हुआ।
यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सांगवान के मार्गदर्शन व विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता बिरवाल के संरक्षण में आयोजित हुआ, जिसका संचालन समन्वयक डॉ. पिंकी देसवाल और डॉ. दीक्षा रंगा ने किया। एमडीयू के प्रो. अजीत कुमार ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक रिपोर्ट की संरचना, शोध नैतिकता, संदर्भ लेखन तथा साहित्यिक चोरी से बचाव के गुर सिखाए।अंत में विभाग की ओर से उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. हरिओम, डॉ. शेली , डॉ. देवेंद्र, डॉ. नीरज व डॉ. रवीना रोहिला आदि रहे।



### आदर्श स्कूल मदीना के पांच विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की नीट यूजी परीक्षा, स्कूल प्रबंधन ने दी बधाई

**महम।** मदीना के आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा पास की है। इस विद्यालय की पूर्व छात्रा वंशिका, अंतिमा, चैतन्या व पारुल और पूर्व छात्र सौरभ ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा पास कर माता पिता, गुरुजनों और रोहतक जिले का नाम रोशन किया है। ये सभी पांच विद्यार्थी अब डॉक्टर बनेंगे। स्कूल प्रबंधन समिति और स्टाफ सदस्यों ने नीट की परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रिंसिपल मंजूलता ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्यार्थियों के साथ साथ अभिभावकों और शिक्षकों को भी बधाई दी। कहा कि इन बच्चों ने न केवल विद्याल बल्कि अपने अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। मंजूलता ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के अथक परिश्रम, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उनको भी इस बात की खुशी है कि अब उनके विद्यालय के विद्यार्थी एमबीबीएस डॉक्टर बनकर मरीजों का इलाज करेंगे। बीमार व्यक्ति का इलाज करना और उसकी सेवा करना बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है।

## महिलाओं को मिलेगा स्वरोजगार का प्रशिक्षण

# महिला सशक्तीकरण राष्ट्र निर्माण का आधार

सेवा भारती संस्थान ने सुमन निर्मल मिंडा के सहयोग से शुरू किया सिलाई सेवा केंद्र

हरिभूमि न्यूज >> रोहतक




**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता।

महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सेवा भारती हरियाणा की रोहतक शाखा ने सुमन निर्मल मिंडा फाउंडेशन, नई दिल्ली के सहयोग से महावीर कॉलोनी स्थित कार्यालय में उन्नत सिलाई सेवा केंद्र का शुभारंभ किया। केंद्र का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह-सेवा प्रमुख राजकुमार मटाले ने किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण राष्ट्र निर्माण का मजबूत आधार है और कौशल आधारित प्रशिक्षण महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह केंद्र अनेक परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा। फाउंडेशन के डॉ. अनादी एन. सिन्हा और गौरव कुमार ने कहा कि संस्था का उद्देश्य महिलाओं सहित वंचित वर्गों को कौशल प्रशिक्षण देकर सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और गायत्री मंत्र के साथ हुई तथा सेवा भारती के विभिन्न सेवा प्रकल्पों की जानकारी भी दी गई। केंद्र में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिलाओं और युवतियों को तीन से छह माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# टेबल टेनिस : अंडर-17 बालिका वर्ग में साधना प्रथम, पारुल ने पाया दूसरा स्थान

## ब्लॉक स्तरीय तीरंदाजी, योग, टेबल टेनिस और कबड्डी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

■ विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ी ले रहे प्रतियोगिताओं में भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

ब्लॉक स्तरीय बालक एवं बालिका तीरंदाजी, योग, टेबल टेनिस और कबड्डी प्रतियोगिताओं का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। टेबल टेनिस स्पर्धा के अंडर-17 बालिका वर्ग में साधना ने पहला, पारुल ने दूसरा और वान्या ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-19 बालिका वर्ग में दिव्या आहूजा ने प्रथम, अंशिका ने द्वितीय और आदिरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नवयुग स्कूल में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक नांदल रहे, जबकि विद्यालय के निदेशक सुरेश चंद्र देशवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य शकुंतला अहलावत, खेल प्रभारी डॉ. जनक राज, राजू (पीटीआई), धीरज (तीरंदाजी कोच), जयदीप, रेखा अहलावत सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।



रोहतक। खो-खो प्रतियोगिता के बाद मौजूद खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

### खो-खो अंडर-17 में सैनी स्कूल रोहतक अव्वल

खो-खो में अंडर-17 में सैनी स्कूल रोहतक ने प्रथम व गुरुकुल लाढ़ौत रोहतक ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर-19 में गुरुकुल लाढ़ौत रोहतक ने प्रथम, सैनी स्कूल रोहतक ने दूसरा च जीएसएसएस सिंह पुरा ने तीसरा स्थान हासिल किया।



### कबड्डी में सांघी प्रथम

कबड्डी के अंडर-17 बालक वर्ग में कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय सांघी की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते पहला स्थान हासिल किया, जबकि गुरुकुल लाढ़ौत की टीम दूसरे स्थान पर रही।

### योग में लक्ष्य ट्रेडिशनल द्वितीय

योग स्पर्धा के अंडर-14 बालक वर्ग में अभिनव ने शानदार प्रदर्शन करते ट्रेडिशनल और आर्टिस्टिक सिंगल दोनों में प्रथम स्थान पाया, जबकि लक्ष्य ट्रेडिशनल में दूसरे स्थान पर रहे। आर्टिस्टिक पेयर में देव और शिवांश की जोड़ी प्रथम, वहीं रिदमिक पेयर में भव्यजीत और लक्षय की जोड़ी विजेता बनी। अंडर-17 बालक वर्ग में टिंकू ने ओवरऑल विजेता बनते आर्टिस्टिक पेयर के और रिदमिक पेयर सत्यम केमें पहला स्थान हासिल किया।



रोहतक। नवयुग शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ब्लॉक स्तरीय स्कूली आर्चरी प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा दिखाते खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

### तीरंदाजीः अंडर-14 में हिमांशु ने साधा बेहतरीन निशाना

तीरंदाजी के विभिन्न आयु वर्गों में कई प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लेकर शानदार खेल भावना का परिचय दिया। अंडर-14 बालक वर्ग में हिमांशु, गौरव, कल्पित, मयंक, वंश, यक्ष देशवाल एवं रोनित हुड्डा ने बेहतरीन निशाना साधा, वहीं अंडर-14 बालिका वर्ग में यशवी देशवाल, तनीषा एवं अनुष्का चौधरी ने भाग लिया। अंडर-17 बालक वर्ग में गर्वित, शौर्य, प्रतीक्ष, यक्षित, ध्रुव एवं अरमान तथा बालिका वर्ग में छवि, दीक्षा, वारुणी एवं पूर्ति ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा अंडर-19 बालक वर्ग में गौरांश, अभिनव, अनिरुद्ध, सिद्धार्थ, आदित्य मलिक, मनवीर एवं आर्यन तथा बालिका वर्ग में मन्नत एवं भूमि ने हिस्सा लिया।

### कुश्ती : 45 किग्रा वर्ग में द मॉडर्न का जतिन प्रथम

45 किग्रा वर्ग में द मॉडर्न पब्लिक स्कूल के जतिन फोगाट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 48 किग्रा वर्ग में एस.के.एस.के.एच.एस. बालन के विक्रम ने प्रथम स्थान और जी.एम.एस.एस. स्कूल सिंघपुरा के अनिकेत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 51 किग्रा वर्ग में ए.जी.एस.एन. सेक. स्कूल सिंघपुरा के विजय कुमार ने प्रथम स्थान और पायोनियर हाई स्कूल सिंघपुरा के लक्ष्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 55 किग्रा वर्ग में एस.एच.आर.सी.एम. हाई स्कूल अटैला के साहिल ने प्रथम स्थान, श्री बाबा हरिदास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के समीर ने द्वितीय स्थान और एस.आर.एस. पब्लिक स्कूल रतक के मयंक सिंधू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 60 किग्रा वर्ग में बाबा नगर दास हाई स्कूल के शुभम ने प्रथम स्थान और आदर्श गुरुकुल एस.एस. सिंघपुरा के चिराग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 65 किग्रा वर्ग में जी.एस.एस. भालौट के जतिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 92 किग्रा भार वर्गः 92 किग्रा वर्ग में डी.ए.वी. सेंचुरी पब्लिक स्कूल के हर्षित देशवाल ने प्रथम स्थान और जी.एस.एस. खिडवाली के मयंक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



रोहतक। गीला क्रिकेट का मैदान।

### खंड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अब तक हुए केवल पांच मैच

खंड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में पहले राउंड के मैच भी पूरे नहीं हो पाए है। पहले राउंड में आठ मैच होने थे, लेकिन अब तक पांच मैच ही हो पाए। खराब मौसम के कारण मैच नहीं हो पाए है। वीरवार को अंडर-14 के मैच होंगे।

### अंडर-14 वर्ग के 100 मीटर में मयंक प्रथम

सांपला। सांपला में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत बुधवार को विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अलग-अलग आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन करते जीत दर्ज की। अंडर-14 वर्ग की 100 मीटर दौड़ में मयंक ने प्रथम नकक्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 में गांधरा के चिराग ने पहला और तनीष ने दूसरा स्थान हासिल किया।

## न्यूज डायरी



### शिक्षा भारती में खेलकूद समारोह का भव्य शुभारंभ

रोहतक। हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान और विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से संबंद्धित शिक्षा भारती विद्यालय, रामनगर में बुधवार से 37वें तीन दिवसीय प्रांतीय खेलकूद समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। 22 से 24 जुलाई तक होने वाले खेल महाकुंभ में हरियाणा प्रांत के 7 संकुलों से लगभग 350 छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने पहुंचे हैं। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि, अतिथियों एवं प्राचार्या ममता भोला द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व वंदना से किया गया। अतिथियों का स्वागत श्रीफल एवं पटका भेंटकर किया गया।




### पीले रंग में रंगा बचपन, खुशियों से महका विद्यालय

रोहतक। जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में प्री-नर्सरी से कक्षा 3 तक के विद्यार्थियों के लिए येलो कलर डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। पीले रंग की आकर्षक वेशभूषा में सजे नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने कविता, गीत, रंग पहचान एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। आयोजन ने बच्चों के सीखने को आनंदमय एवं रोचक बना दिया। विद्यालय के निदेशक विक्रांत मायना एवं सान्या मायना, सहायक निदेशक डॉ. अमन अग्रवाल, प्रधानाचार्या डॉ. श्रुति शर्मा तथा हेडमिस्ट्रेस अनामिका बलहारा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते कहा कि ऐसी गतिविधियाँ उनके सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देती हैं।



### दुहन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया जीत का परचम

रोहतक। दुहन पब्लिक स्कूल, जसिया के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के छात्र मयंक ने 100 मीटर तैराकी (स्विमिंग) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्रा रितिका खोखर ने एथलेटिक्स की भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके अतिरिक्त जूडो प्रतियोगिता में भी विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### स्पेल बी प्रतियोगिता में सुपर स्पेलर्स टीम ने जीता खिताब



रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में बुधवार को कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों के लिए स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाना, शब्दावली, वर्तनी और भाषा कौशल को सशक्त बनाना था। प्रतियोगिता छह रोचक चरणों छूटे हुए अक्षर भरें, विलोम शब्द, ऑडियो राउंड, चित्र पहचान कर क्रिया बताइए, शब्दों को सही क्रम में लगाइए तथा रैपिड फायर राउंड में संपन्न हुई। 12 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें से छह टीमें फाइनल में पहुंचीं। रोमांचक मुकाबले के बाद सुपर स्पेलर्स टीम विजेता बनी।

## खेल सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम



रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की छात्राओं के लिए अंतर-सदन बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में खेल भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास तथा शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना था। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार खन्ना जी ने सभी प्रतिभागी छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने छात्राओं को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का सफल संचालन विद्यालय के खेल विभाग एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अंतर-सदन बैडमिंटन प्रतियोगिता में कारगिल हाउस की छात्रा हंशिका (विज्ञान संकाय) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। अंत में विजेता छात्रा को हार्दिक बधाई दी गई तथा सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# साहित्यकारों व सीएम के स्वागत को सुपवा तैयार

■ 81 साहित्यकारों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज करेंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणवी सांग सम्राट व सूर्य कवि दादा लख्मी चंद की 123वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले साहित्य सम्मान समारोह को लेकर दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) पूरी तरह तैयार है। आज दोपहर 2:30 बजे सीएम नायब सैनी मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी यूनिवर्सिटी का दौरा कर सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



रोहतक। साहित्य सम्मान समारोह को लेकर तैयारियां करते विद्यार्थी।

### प्रदर्शनी रहेंगी आकर्षण का केंद्र

साहित्य सम्मान समारोह के साथ डीएलसीसुपवा की फैकेल्टी ऑफ डिजाइन में कला व डिजाइन की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में फैकेल्टी ऑफ डिजाइन व विजुअल आर्ट्स के छात्रों द्वारा तैयार रचनात्मक कलाकृतियां, डिजाइन प्रोजेक्ट्स और विजुअल आर्ट्स के उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित किए जाएंगे।

### आयोजन की तैयारियां पूरी

विवि परिसर में साहित्य सम्मान समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुरक्षा, यातायात, अतिथियों के स्वागत, मंच संचालन व आयोजन से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है। साहित्य सम्मान समारोह के साथ फैकेल्टी ऑफ डिजाइन की कला व डिजाइन की प्रदर्शनी भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगी।

### सुपवा के इतिहास में जुड़ेगा नया अध्याय

यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने कहा कि सूर्य कवि दादा लख्मी चंद की जयंती पर प्रदेश के साहित्यकारों का सम्मान होना डीएलसीसुपवा परिवार के लिए गर्व का विषय है। यह केवल सम्मान समारोह नहीं, बल्कि हरियाणा की समृद्ध साहित्यिक, सांस्कृतिक व लोक परंपरा का महोत्सव है। मुख्यमंत्री की उपस्थिति आयोजन को और अधिक ऐतिहासिक बनाएगी। यूनिवर्सिटी में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और प्रत्येक व्यवस्था को सुव्यवस्थित रूप दिया गया है। हमें विश्वास है कि यह समारोह साहित्य, भाषा, कला और संस्कृति के क्षेत्र में एक नई मिसाल स्थापित करेगा और डीएलसीसुपवा के इतिहास में एक गौरवशाली अध्याय के रूप में याद किया जाएगा।

### निधि ने एशियन पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में जीता रजत

रोहतक। वियतनाम में आयोजित 10वीं एशियन पेंचक सिलाट चैंपियनशिप 2026 में भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी निधि तक्षक ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए 45 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे देश सहित हरियाणा प्रदेश और उनके गृह क्षेत्र में जश्न का माहौल है। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही निधि तक्षक ने अपने आक्रामक और अनुशासित खेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया। पेंचक सिलाट जैसे कड़े मार्शल आर्ट्स मुकाबले में उन्होंने अपनी बेहतरीन तकनीक, फुर्ती और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। रजत पदक जीतकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत और जज्बे के बल पर वैश्विक मंच पर देश का तिरंगा शान से लहराया जा सकता है।



## भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में उमड़े श्रद्धालु



सांपला। कस्बे में बुधवार दोपहर भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। रथयात्रा पुराने डाकघर के पास से शुरू होकर बेरी रोड, खरखोदा मार्ग, नई मंडी सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए बाजार में संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे मार्ग पर भक्तिमय माहौल बना रहा। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भगवान जगन्नाथ का रथ खींचते हुए आगे बढ़े। हरे कृष्ण महामंत्र के संकीर्तन, मृदंग और करताल की मधुर धुनों पर भक्त झूमते नजर आए। यात्रा में शामिल आकर्षक सांस्कृतिक झांकियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और आयोजन की भव्यता को चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर आदित्य दास महाराज ने भगवान जगन्नाथ के आध्यात्मिक महत्व पर आधारित कथा सुनाई। उन्होंने भगवान की भक्ति, सेवा और मानव कल्याण का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। रथयात्रा के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला और कस्बा भगवान जगन्नाथ के जयघोष से गूंज उठा।

## गौकर्ण तीर्थ पहुंचे श्रीमहंत हरिगिरी महाराज



रोहतक। पंच दशनाम जूना अखाड़ा के संरक्षक एवं अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरिगिरी महाराज ने मंगलवार को गौकर्ण तीर्थ, पहुंचकर संत परंपरा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने गौकर्ण तीर्थ परिसर में स्थित सभी संतों की समाधियों पर माथा टेककर श्रद्धासुमन अर्पित किए और संतों के आदर्शों को स्मरण किया। गौकर्ण तीर्थ पहुंचने पर संत समाज एवं श्रद्धालुओं ने श्रीमहंत हरिगिरी महाराज का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संतों की तपस्या, त्याग और आध्यात्मिक परंपरा समाज को सही दिशा देने का कार्य करती है। संतों के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में प्रेम, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने गौकर्ण तीर्थ को धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल बताते हुए कहा कि ऐसे तीर्थस्थलों का संरक्षण और विकास हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर संत समाज के अनेक महंत, श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## गौड़ ब्राह्मण कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा



रोहतक। मीटिंग लेते गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा।

रोहतक। हरियाणा सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज, रोहतक के प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा को अधिवर्षिता (60 वर्ष) पूर्ण होने के बाद एक वर्ष का पुनर्नियोजन प्रदान किया है। यह पुनर्नियोजन 1 जुलाई से 30 जून 2027 तक अथवा नियमित नियुक्ति होने तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगा। महाविद्यालय परिवार ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते इसे संस्थान के शैक्षणिक और प्रशासनिक हित में महत्वपूर्ण कदम बताया। पुनर्नियोजन के बाद प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने कालेज की दाखिला समिति की बैठक की अध्यक्षता करते प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने समिति के सदस्यों को निर्देश दिए कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, व्यवस्थित और विद्यार्थी हितैषी तरीके से संचालित की जाए, ताकि विद्यार्थियों व अभिभावकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि प्रवेश लेने आने वाले विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कालेज परिसर में हेल्प डेस्क स्थापित किया है। यहां प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन, आवश्यक दस्तावेजों और शुल्क संबंधी जानकारी के साथ-साथ अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा।



### सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ी छाए

रोहतक। छोटू राम स्टेडियम में आयोजित अंडर-14 एवं अंडर-17 ब्लॉक स्तरीय स्कूल जूडो एवं शॉट पुट प्रतियोगिता में सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा रिया ने अंडर-14 जूडो के 32 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं समीक्षा ने 36 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ी। इसके अलावा कक्षा दसवीं के छात्र निखिल ने अंडर-17 शॉट पुट प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**सूचना**

मैं, राज सिंह पुत्र श्री चन्दगी राम निवासी गांव किलोई खास, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सोमबीर व मेरी पुत्रवधु प्रतिमा को मैंने तीन साल पहले अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था। लेकिन अब वह दोनों मेरे कहने-सुनने में हैं। इसलिए मैं उस बेदखली को रद्द करवाना चाहता हूं। अब ये दोनों मेरी मलिकियत के असल जिम्मेवार होंगे।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
➢ MRI/CT TECHNICIAN 4
➢ COMPUTER OPERATOR 2
➢ PRO 2
➢ NURSING STAFF 4
➢ WARD BOY 2
➢ GATE KEEPER 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

# जाट, वैश्य और नेकीराम कॉलेज में दाखिलों की होड़

**100%** पार गई ऑल इंडिया ओपन की लिस्ट

■ कॉलेजों में स्नातक की पहली मेरिट सूची जारी, जाट कॉलेज में बीएससी स्पोर्ट्स साइंस व बीकॉम की लिस्ट 106 .4% पर लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उच्चतर शिक्षा विभाग (हरियाणा) की ओर से बुधवार दोपहर करीब 4 बजे जिले के कॉलेजों में स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पहली मेरिट सूची जारी कर दी गई है। जिले के 15 सरकारी और एडिड (अनुदान प्राप्त) कॉलेजों की कुल 16,159 सीटों पर दाखिले होने हैं, जिसके लिए लगभग 30 हजार विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। इनमें सर्वाधिक रुझान बीए (बैचलर ऑफ आर्ट्स) कोर्स के प्रति देखा गया है। मेरिट सूची जारी होते ही कॉलेजों में कट-ऑफ काफी ऊंची रही। लिस्ट को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला। जाट कॉलेज, पंडित नेकी राम शर्मा कॉलेज, वैश्य कॉलेज और राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक में विभिन्न विषयों के लिए ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। तीनों कॉलेज में ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी की लिस्ट 100 पार गई है। जाट कॉलेज की कट-ऑफ लिस्ट सबसे अधिक गई है। जाट कॉलेज में बीएससी स्पोर्ट्स साइंस व बी.कॉम की लिस्ट 106.4% पर लगी। पहली मेरिट सूची में नाम आने वाले विद्यार्थी 27 जुलाई तक फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुरक्षित कर सकेंगे। इसके बाद 28 जुलाई को दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी, जबकि दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट 29 जुलाई को आएगी।



रोहतक। लिस्ट देखते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

जाट कॉलेज

| पाठ्यक्रम | कट-ऑफ |
|---|---|
| बीए | 106% |
| बीसीए | 99.6% |
| बीएससी स्पोर्ट्स साइंस | 106.4% |
| लाइफ साइंस | 99.8% |
| फिजिकल साइंस | 99.4% |
| बी.कॉम | 106.4% |

पं. नेकी राम शर्मा कॉलेज

| पाठ्यक्रम | कट-ऑफ |
|---|---|
| बीए सामान्य | 94.6% |
| बीए साइकोलॉजी | 99.4% |
| बीए पॉलिटिकल | 100.6% |
| बीए ज्योग्राफी | 99.0% |
| बी.कॉम | 97.2% |
| बीबीए | 97.2% |
| बीसीए | 95.2% |

राजकीय महिला महाविद्यालय

| पाठ्यक्रम | कट-ऑफ |
|---|---|
| बीए सामान्य | 94.40% |
| बीए साइकोलॉजी | 97.60% |
| बीबीए | 97.80% |
| बीसीए | 94.80% |
| बी.कॉम | 92.00% |
| बीएससी लाइफ साइंस | 93.40% |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 89.00% |

वैश्य कॉलेज

| पाठ्यक्रम | कट-ऑफ |
|---|---|
| बीए | 99.4% |
| बी.कॉम | 103.2% |
| बीसीए | 94.0% |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 94.2 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 94 |

### 3 अगस्त तक फीस जमा करवाने का मौका

दूसरी सूची के तहत विद्यार्थियों को 3 अगस्त तक अपनी फीस जमा करने का मौका दिया जाएगा। इसके उपरांत 4 अगस्त से फिजिकल काउंसलिंग शुरू होगी। प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए 5 अगस्त को दाखिला पोर्टल दोबारा खोला जाएगा और 6 से 19 अगस्त तक फिजिकल काउंसलिंग के माध्यम से सीटें भरी जाएंगी व दाखिले जारी रहेंगे।



### आईबी विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

रोहतक। आईबी विद्यालय के विद्यार्थियों ने बुधवार को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम), रोहतक का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को आतिथ्य (हॉस्पिटैलिटी) उद्योग में उपलब्ध करियर अवसरों से अवगत कराना और उनके व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने संस्थान के विभिन्न विभागों का अवलोकन कर होटल प्रबंधन, खाद्य उत्पादन, फ्रंट ऑफिस और हाउसकीपिंग जैसी व्यावसायिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में रोजगार और उच्च शिक्षा की संभावनाओं के बारे में बताया तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

### सीएम आज कई कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत



रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 23 जुलाई को रोहतक में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। सचिन गुप्ता ने कहा है कि मुख्यमंत्री आज दोपहर बाद 01 बजे मदवि स्थित राधाकृष्णन सभागार में आयोजित किये जा रहे मेधावी छात्र सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस समारोह में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10 वीं व 12 वीं कक्षाओं के प्रदेशभर के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

# जागते रहो : रात 2 से 5 बजे के बीच सक्रिय होते हैं चोर

## इसी दौरान होती हैं सबसे ज्यादा वारदातें सेंधमारी, लूट और स्नैचिंग से बढ़ी चिंता

■ सात माह में चोरी के 76 लूट के 42 और स्नैचिंग के 32 मामले दर्ज किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अलग खबर

दिनभर रौनक से गुलजार रहने वाला रात के अंतिम पहर में अपराधियों के लिए सबसे मुफीद समय बन जाता है। जब पूरा शहर गहरी नींद में होता है, तब बदमाश सुनसान गलियों और कम आवाजाही वाले इलाकों में वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार हो जाते हैं। पिछले सात महीनों के पुलिस रिकॉर्ड भी इसी ओर इशारा करते हैं। जिले में इस अवधि के दौरान घरों में चोरी के 76, लूट के 42 और स्नैचिंग के 32 मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन घटनाओं में बड़ी संख्या ऐसी है, जो रात 2 बजे से सुबह 5 बजे के बीच हुई हैं। यही वजह है कि इस समय को पुलिस भी सबसे संवेदनशील मानती है और गश्त बढ़ाने के दावे कर रही है। बता दें कि शहर में लगातार हो रही चोरी और लूट की वारदातों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। बदमाश पहले दिन के समय कॉलोनियों, बंद मकानों और दुकानों की रेकी करते हैं। इसके बाद रात के अंतिम पहर में उस स्थान को निशाना बनाते हैं, जहां लोगों की आवाजाही कम हो और पकड़ में आने की संभावना बेहद कम हो। कई मामलों में सीसीटीवी फुटेज में बदमाश चेहरा ढककर आते दिखाई दिए हैं, जबकि कुछ वारदातों में चोरी के तुरंत बाद शहर से बाहर निकलने के लिए बाईपास और हाईवे का इस्तेमाल किया गया।



फोटो : एआई जनरेटेड

### खराब स्ट्रीट लाइट और कमजोर सुरक्षा वाले इलाके अपराधियों के निशाने पर

#### पहले इलाके की करते हैं रेकी

अपराधियों का पूरा नेटवर्क पहले इलाके की रेकी करता है। कई बार वे दिन में दूध सप्लाई, कबाड़ खरीदने या अन्य बहाने से क्षेत्र की गतिविधियों पर नजर रखते हैं और रात में वारदात को अंजाम देते हैं। कई बार अपराधी घूमकर क्षेत्र का मुआयना कर लेते हैं। यही कारण है कि पुलिस अब संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और सीसीटीवी नेटवर्क मजबूत करने पर जोर दे रही है।

#### जहां सुरक्षा व्यवस्था कमजोर, वहीं निशाना

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जिन कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइट खराब हैं, सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं या रात में सुरक्षा व्यवस्था कमजोर रहती है, वहां अपराधियों की सक्रियता अधिक देखने को मिलती है। वाहन चोरी के मामलों में भी अधिकांश घटनाएं देर रात या तड़के हुई हैं। वहीं, स्नैचिंग की घटनाओं में भी बदमाश सुनसान सड़कों और कम रोशनी वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हैं। वारदात के बाद भागने में आसानी होती है।

#### ऐसे करते हैं वारदात

- दिन में पहले इलाके की रेकी करते हैं।
- बंद मकानों और सुनसान गलियों को चिन्हित करते हैं।
- रात 2 से 5 बजे के बीच वारदात को अंजाम
- चेहरा ढककर आते हैं ताकि पहचान न हो।
- वारदात के तुरंत बाद बाईपास या हाईवे से शहर छोड़ देते हैं।

#### पुलिस की एडवाइजरी

- घर और दुकान के बाहर सीसीटीवी लगाएं।
- वाहन हमेशा डबल लॉक करें।
- घर बंद छोड़ने से पहले पड़ोसियों या रिश्तेदारों को सूचना दें।
- स्ट्रीट लाइट खराब होने पर संबंधित विभाग को शिकायत करें।
- किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत डायल-112 पर दें।

#### इन वारदातों का ज्यादा खतरा

- मकानों में सेंधमारी
- वाहन चोरी
- दुकान और गोदाम में चोरी
- स्नैचिंग
- अकेले जा रहे लोगों से लूट

#### सात महीने के आंकड़े

- 76 मकानों में चोरी के मामले दर्ज
- 42 लूट की वारदात
- 32 स्नैचिंग के मामले

# 18 करोड़ से होगी दिल्ली रोड की 'सर्जरी'

### दोनों तरफ की करीब 7 किलोमीटर सड़क का होगा पुनर्निर्माण, टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में

### बारिश के बाद शुरू होगा काम, जल निकासी और सौंदर्यीकरण पर रहेगा विशेष फोकस

■ गड्ढों और जलभराव से मिलेगी राहत, हजारों वाहन चालकों को फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरिभूमि सरोकार

शहर की सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण सड़कों में शामिल महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) गेट नंबर-2 से हिसार बाईपास चौक तक का मार्ग जल्द ही नई पहचान के साथ नजर आएगा। करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से इस सड़क का व्यापक पुनर्निर्माण किया जाएगा। परियोजना के तहत दोनों तरफ की कुल करीब सात किलोमीटर सड़क को आधुनिक तकनीक और बेहतर गुणवत्ता के साथ तैयार किया जाएगा। फिलहाल टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है और इसके कुछ ही दिनों में पूरी होने की उम्मीद है। निर्माण कार्य बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद शुरू किया जाएगा। यह सड़क एमडीयू, आसपास की रिहायशी कॉलोनियों, शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक क्षेत्र तथा हिसार बाईपास को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन हजारों वाहन, छात्र, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक इस मार्ग का उपयोग करते हैं। लंबे समय से सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी हुई सड़क और बरसात के दौरान जलभराव के कारण यातायात प्रभावित होता है। कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, जबकि दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को सबसे अधिक दिक्कत झेलनी पड़ती है। स्थानीय लोगों और एमडीयू से जुड़े छात्रों द्वारा कई बार इस सड़क के पुनर्निर्माण की मांग उठाई गई थी। अब इस परियोजना के शुरू होने से लोगों को सुरक्षित और सुगम यातायात की सुविधा मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और इसे लंबे समय तक टिकाऊ बनाने के लिए मजबूत आधार तैयार किया जाएगा।



रोहतक। इस सड़क का होगा कायाकल्प। फोटो : हरिभूमि

#### गुणवत्ता व समयसीमा पर रहेगी निगरानी

निर्माण कार्य बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद शुरू किया जाएगा। ताकि लोगों को कम से कम असुविधा हो। काम के दौरान जरूरत पड़ने पर वैकल्पिक यातायात व्यवस्था भी लागू की जाएगी। संबंधित विभाग निर्माण की गुणवत्ता और समयसीमा पर लगातार निगरानी रखेगा ताकि परियोजना तय समय में पूरी हो सके।

**-अरुण कुमार**, कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

#### हरित पट्टी और अन्य सुविधाएं होंगी विकसित

सड़क के साथ होगा सौंदर्यीकरण सिर्फ सड़क का निर्माण ही नहीं, बल्कि पूरे मार्ग के सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। सड़क किनारों को व्यवस्थित किया जाएगा तथा आवश्यक स्थानों पर हरित पट्टी, बेहतर फिनिशिंग और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे यह मार्ग न केवल अधिक सुरक्षित बनेगा बल्कि शहर की सुंदरता में भी इजाफा करेगा।

#### प्रभावी ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जाएगा

परियोजना का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करना होगा। बरसात के दौरान इस मार्ग पर कई स्थानों पर पानी जमा होने की समस्या रहती है, जिससे सड़क जल्दी खराब हो जाती है और यातायात प्रभावित होता है। नए निर्माण के दौरान प्रभावी ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जाएगा ताकि बारिश का पानी तुरंत निकल सके और भविष्य में जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।

### पीजीआई डेंटल में लगेगी अत्याधुनिक 3-डी सीबीसीटी मशीन

# दांतों की जांच में अब नहीं होगी चूक

■ एचएमएससीएल बोर्ड बैठक में आधुनिक एक्स-रे मशीन खरीद को मंजूरी
■ हरियाणा सहित पड़ोसी राज्यों के मरीजों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रदेश के मरीजों को आधुनिक और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। हरियाणा मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएमएससीएल) के निदेशक मंडल की 40वीं बैठक में रोहतक स्थित पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (पीजीआईडीएस) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए करीब 82 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक 3-डी कोन बीम कंप्यूटेड टोमोग्राफी (सीबीसीटी) एक्स-रे मशीन खरीदने को मंजूरी दी गई है। इस मशीन के स्थापित होने के बाद दांत, जबड़े और मुख संबंधी जटिल बीमारियों की जांच पहले की तुलना में अधिक सटीक और तेजी से हो सकेगी। यह निर्णय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित एचएमएससीएल के निदेशक मंडल की 40वीं बैठक में लिया गया। बैठक में राज्य के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार और स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत बनाने से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की गई।



#### त्रि-आयामी जांच से मिलेगा सटीक उपचार

3-डी सीबीसीटी तकनीक पारंपरिक एक्स-रे की तुलना में अधिक स्पष्ट त्रि-आयामी तस्वीर देती है। इससे दांत, जबड़े, नसों और हड्डियों की सटीक जांच संभव होती है, जिससे इंप्लांट, रूट कैनाल और अन्य जटिल उपचार बेहतर तरीके से किए जा सकते हैं।

#### निजी केंद्रों पर निर्भरता होगी कम

नई मशीन से मरीजों को जांच के लिए निजी केंद्रों पर नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय और खर्च की बचत होगी तथा डॉक्टरों को सटीक रिपोर्ट मिलने से बेहतर उपचार में मदद मिलेगी।

## लाइफ साइंस पीजी दाखिला काउंसलिंग का स्थल बदला

■ अब 23 जुलाई को टैगोर सभागार में होगी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के फैकल्टी ऑफ़ लाइफ साइंसेज के विभिन्न स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में सत्र 2026-27 में दाखिले के लिए कॉमन प्रथम फिजिकल काउंसलिंग 23 जुलाई को टैगोर ऑडिटोरियम में होगी। विभागाध्यक्ष, जूलॉजी प्रो. मिनाक्षी शर्मा ने बताया कि लाइफ साइंस के पीजी कोर्सों में दाखिले के लिए काउंसलिंग में भाग लेने वाले पात्र अभ्यर्थियों को 23 जुलाई को सुबह 9 से 11 बजे तक टैगोर सभागार में अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी, तदुपरांत एडमिशन काउन्सलिंग प्रारम्भ होगी। साथ ही अभ्यर्थियों को प्रॉस्पेक्टस में दिए गए निर्देशानुसार जरूरी दस्तावेज (डाक्यूमेंट्स) साथ लाने होंगे।

## दो मासूम बेटों संग लापता हुई महिला, पुलिस ने शुरू की तलाश

**रोहतक।** सदर थाना पुलिस ने दो मासूम बेटों के साथ लापता हुई महिला के मामले में गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार समर गोपालपुर कला निवासी शमशेर पुत्र राजवीर ने शिकायत दी कि उसकी 27 वर्षीय पत्नी आरती 20 जुलाई को अपने दोनों बेटों, 9 वर्षीय विराट और 7 वर्षीय हंसते, को साथ लेकर घर से कहीं चली गई। इसके बाद से तीनों का कोई पता नहीं चल पाया। शिकायतकर्ता ने बताया कि परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी तलाश की, लेकिन पत्नी और दोनों बच्चों का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## सब्जी लेने गया युवक, चाबी लगी छोड़ दी बाइक, अज्ञात चोर ले उड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नया बस अड्डा क्षेत्र में सब्जी लेने आए युवक की बाइक चोरी हो गई। घटना के समय बाइक की चाबी वाहन में ही लगी हुई थी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव लाढ़ौत निवासी मंजीत ने पुलिस को बताया कि वह 20 जुलाई की रात करीब 8:30 बजे अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक से नया बस अड्डा के पास स्थित सब्जी मंडी आया था। उसने बाइक सड़क किनारे खड़ी कर सब्जी लेने चला गया। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक वहां नहीं मिली। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने पहले अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस में शिकायत दी गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

## झगड़ा छुड़ाने गए व्यक्ति पर फरसे से हमला, तीन पर केस

■ सिर और हाथ पर लगी गंभीर चोट, पीजीआईएमएस रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कलानौर क्षेत्र में आपसी झगड़ा छुड़ाने गए एक व्यक्ति पर फरसे से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जिंदराण रोड स्थित कृपाल आश्रम के पास निवासी जयभगवान ने शिकायत दी कि 17 जुलाई की रात करीब 11:30 बजे वह अपने घर के बाहर गली में सो रहा था। इसी दौरान शोर सुनकर बाहर आया तो नीरज उर्फ नीरजू, उसका भाई मोनू और जोनी शराब के नशे में आपस में झगड़ा कर रहे थे। जब उसने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि नीरज ने हाथ में लिए फरसे से उसके सिर पर वार किया। बचाव करने पर उसके हाथ पर भी गंभीर चोट लगी। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल जयभगवान को पहले सीएचसी कलानौर और बाद में गंभीर हालत में पीजीआईएमएस रोहतक रेफर किया गया। मेडिकल जांच में सिर और हाथ पर धारदार हथियार से लगी गंभीर चोटों की पुष्टि हुई। शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कलानौर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नगर निगम ने नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता और बीमारी बचाव का संदेश

■ राधे-राधे पार्क और माता दरवाजा चौक पर कार्यक्रम
■ मानसून में डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए सावधानी बरतने का आह्वान

**रोहतक।** मानसून के दौरान फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम और शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम रोहतक ने बुधवार को सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। अभियान के अंतर्गत राधे-राधे पार्क और माता दरवाजा चौक पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता का महत्व समझाया गया। साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया। नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र दुहन ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के कार्य में जनभागीदारी बढ़ाना और लोगों को अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। विशेषकर बरसात के मौसम में मक्खी और मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है। वहीं, लोगों को मानसून में डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए सावधानी बरतने का आह्वान किया।



रोहतक। नुक्कड़ नाटक से लोगों को स्वच्छता और बीमारी से बचाव के लिए जागरूक करते कलाकार।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### सामूहिक प्रयास, जनभागीदारी और वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन का मिला पुरस्कार

# ग्रामीण स्वच्छ सर्वेक्षण में रोहतक सर्वश्रेष्ठ

■ घर-घर कचरा संग्रहण, ग्रे-वॉटर प्रबंधन और ठोस अपशिष्ट मॉडल बना सफलता की कुंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा आयोजित 'स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण (एसएसजी)-2025' की रैंकिंग में हरियाणा ने उत्तर भारत में पहला स्थान हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वहीं, रोहतक जिले को उत्तर भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला जिला घोषित किया गया है। रोहतक के उपायुक्त सचिन गुप्ता ने इस उपलब्धि पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों, अतिरिक्त उपायुक्त, स्वच्छता कर्मियों, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की है। सचिन गुप्ता ने इस उपलब्धि को जिला एवं प्रदेश दोनों के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा है कि यह सम्मान प्रत्येक ग्राम पंचायत, स्वच्छता कर्मी, अग्रिम पंक्ति के अधिकारी, स्वयं सहायता समूह, स्वयंसेवक एवं ग्रामीण परिवार का है, जिन्होंने स्वच्छता को केवल अभियान नहीं बल्कि अपनी दैनिक जीवनशैली बनाया। यह उपलब्धि सामूहिक प्रयास, वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन तथा सतत फील्ड मॉनिटरिंग की सफलता का प्रमाण है। रोहतक का अनुभव ग्रामीण स्वच्छता को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए पूरे क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल के रूप में कार्य करेगा। प्रदेश ने स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण (एसएसजी)-2025 में उत्तर भारत में प्रथम स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रोहतक जिला को उत्तर क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला जिला घोषित किया गया है, जो सभी जिला वासियों के लिए गर्व का विषय है।

#### 744 जिलों का किया गया मूल्यांकन



उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के अंतर्गत मणिपुर को छोड़कर 27 राज्यों एवं 6 केंद्र शासित प्रदेशों के 744 जिलों, 20,659 गांवों, 3,22,033 ग्रामीण परिवारों, 1,03,607 सार्वजनिक संस्थानों एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसरों तथा देशभर के 3,701 ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्रों का मूल्यांकन किया गया। जिला की रैंकिंग को प्रत्यक्ष निरीक्षण के लिए 40 प्रतिशत, सेवा स्तर की प्रगति के लिए 30 प्रतिशत, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्रों के प्रत्यक्ष निरीक्षण के लिए 20 प्रतिशत तथा नागरिक फीडबैक के लिए 10 प्रतिशत के मानकों के आधार पर निर्धारित किया गया है।

#### हरियाणा ने पंजाब, हिमाचल और राजस्थान को पीछे छोड़ा

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 में उत्तर क्षेत्र में हरियाणा ने पंजाब, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। अन्य क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश (केंद्रीय), बिहार (पूर्वी), सिक्किम (उत्तर-पूर्वी), तेलंगाना (दक्षिणी) और महाराष्ट्र (पश्चिमी) अपने-अपने क्षेत्र में अव्वल रहे। केंद्र शासित प्रदेशों में दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव पहले स्थान पर रहे।

#### राष्ट्रीय औसत से बेहतर रहा रोहतक का स्वच्छता प्रबंधन

रोहतक में कचरा पृथक्करण, तरल अपशिष्ट प्रबंधन और वैज्ञानिक डिस्लजिंग व्यवस्था राष्ट्रीय औसत से बेहतर रही। ग्राम पंचायत स्तर पर विकसित स्वच्छता मॉडल ने जिले को देश के अग्रणी जिलों में शामिल करने में अहम भूमिका निभाई।

### बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की शिकायत पर पुलिस ने शुरू की जांच

## सोशल मीडिया पर मानहानिकारक पोस्ट के आरोप में मामला दर्ज

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय अस्थल बोहर की शिकायत पर आईएमटी थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर विश्वविद्यालय और उसके पदाधिकारियों के खिलाफ कथित रूप से भ्रामक एवं मानहानिकारक सामग्री प्रसारित करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय के कानूनी अधिकारी कुलबीर की ओर से दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विश्वविद्यालय के पूर्व/वर्तमान कर्मचारी रहे डॉ. विकास भारद्वाज ने बिना अनुमति लंबे समय से अपने कर्तव्यों से अनुपस्थित रहते हुए यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विश्वविद्यालय, कुलाधिपति, अधिकारियों और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के संबंध में कथित रूप से झूठी, भ्रामक और मानहानिकारक सामग्री प्रसारित की। शिकायत में कहा गया है कि इससे विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा प्रभावित हुई है तथा विद्यार्थियों और आमजन के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया। शिकायत में संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट, वीडियो, स्क्रीनशॉट और डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा आपत्तिजनक सामग्री हटाने की भी मांग की गई है। आईएमटी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।